# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की विद्या परिषद की दिनांक नवम्बर 13, 2019 को सम्पन्न षष्टम् बैठक का कार्यवृत्तः

**बैठक में निम्नवत् उपस्थित हुएः**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 नरेन्द्र बहादुर सिंह, मा0 कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | अध्यक्ष |
| 2. | श्री मनोज कुमार, निदेशक, शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश, कानपुर, प्रतिनिधि, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | सदस्य |
| 3. | प्रो0 एस0पी0 शुक्ला, निदेशक, राजकीय इंजी0 कालेज, बांदा, प्रतिनिधि डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ | सदस्य |
| 4. | प्रो0 ओंकार दीक्षित, आई0आई0टी0, कानपुर | सदस्य |
| 5. | प्रो0 के0वी0 आर्य, ए0बी0वी0आई0आई0आई0टी0 एण्ड मैनेजमेन्ट, ग्वालियर | सदस्य |
| 6. | प्रो0 राजीव गुप्ता, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इंजी0 एवं विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 दीपक श्रीवास्तव, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ केमिकल टेक0, विभागाध्यक्ष, प्लास्टिक टेक0 विभाग एवं बायोकेमिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 8. | प्रो0 रेखा बाली, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बेसिक एण्ड एप्लाइड सांइस एवं विभागाध्यक्ष, गणित एवं रसायन विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 9. | प्रो0 आर0 के0 शुक्ला, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ ह्यूमिनाटीज एण्ड सोशल सांइसेस एवं प्रभारी, पुस्तकालयाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 10. | प्रो0 के0 एम0 महापात्रा, अधिष्ठाता, शोध एवं विकास, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 11. | प्रो0 राम नरेश, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 12. | प्रो0 नरेन्द्र कोहली, अधिष्ठाता, उद्भवन हब, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 13. | प्रो0 पी0के0 कमानी, अधिष्ठाता, सतत् शिक्षा और आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन एवं विभागाध्यक्ष, पेन्ट टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 14. | डा0 आशुतोष सिंह, अतिरिक्त परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर, प्रतिनिधि परीक्षा नियत्रंक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर । | सदस्य |
| 15. | प्रो0 प्रमोद कुमार, विभागाध्यक्ष, केमिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 16. | प्रो0 कृष्ण राज, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 17. | प्रो0 यदुवीर सिंह, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 18. | प्रो0 अलक कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, फूड टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 19. | श्री सुमन्त चटर्जी, विभागाध्यक्ष, लेदर टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 20. | प्रो0 आर0के0 त्रिवेदी, विभागाध्यक्ष, आयल टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 21. | डा0 एस0के0शर्मा, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 22. | डा0 बन्दना निगम, विभागाध्यक्ष, मानविकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 23. | श्री जे0बी0 बाजपेयी, सहायक कार्यशालाधीक्षक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 24. | डा0 अनिता यादव, प्रभारी ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 25. | प्रो0 करूणाकर सिंह, प्रति–कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 26. | प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला, कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |

| | | |
|---|---|---|
| 27. | श्रीमती रजनी बिष्ट, सह अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 28. | डा0 ललित कुमार सिंह, सह अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 29. | प्रो0 सुनील कुमार, अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य–सचिव |

**बैठक में निम्नवत् सदस्य उपस्थित नहीं हो सके :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 तपोव्रत लहरी, भारतीय सूचना प्रोद्यौगिकी संस्थान, प्रयागराज के प्रतिनिधि। | सदस्य |
| 2. | प्रो0 अनुपम, भारतीय सूचना प्रोद्यौगिकी संस्थान, लखनऊ के प्रतिनिधि। | सदस्य |
| 3. | प्रो0 पी0एस0 घोषदस्तीदार, निदेशक, भारतीय प्रोद्यौगिकी संस्थान, कानपुर के प्रतिनिधि। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 धर्मेन्द्र सिंह, आई0आई0टी0, रूड़की। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 के0के0 पन्त, आई0आई0टी0, दिल्ली। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 ओ0पी0 व्यास, आई0आई0आई0टी0, प्रयागराज। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 रघुराज सिंह, अधिष्ठाता, योजना एवं स्त्रोत जनन एवं विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 8. | प्रो0 प्रदीप कुमार, परीक्षा नियंत्रक एवं विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |

मा0 कुलपति महोदय एवं अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया कलाप द्वारा हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की विद्या परिषद की षष्टम् बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया। इसके उपरान्त बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

**मद सं0 6.01** **<u>विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की दिनांक अगस्त 30, 2019 को सम्पन्न पंचम बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।</u>**

परिषद् ने दिनांक अगस्त 30, 2019 को विश्वविद्यालय की सम्पन्न हुई पंचम बैठक के कार्यवृत्त पर पुष्टीकरण प्रदान किया।

**मद सं0 6.02** **<u>विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की दिनांक अगस्त 30, 2019 को सम्पन्न पंचम बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।</u>**

परिषद ने मद सं0 5.02 पर शैक्षिक सम्परीक्षा हेतु नियत की गयी समयाविध नवम्बर 08–10,2019 में विश्वविद्यालय को बन्द करने हेतु लिये गये प्रशासनिक निर्णय के क्रम में कतिपय कुछ विभागों में शैक्षिक सम्परीक्षा का कार्य पूर्ण न होने का संज्ञान लिया और परिषद द्वारा शेष विभागों की शैक्षिक सम्परीक्षा का कार्य दिसम्बर 15, 2019 तक अनिवार्य रूप से सम्पन्न कराने के निर्देश दिये गये।

परिषद ने मद सं0 5.09 पर विश्वविद्यालय के बी0टेक0 इलेक्ट्रिकल इंजी0 विभाग के नये कोर्स विन्यास में पूर्ण कोर्स (Syllabus) का बी0ओ0एस0 से अनुमोदन के अभाव में तथा साथ ही विभाग को आगामी सेमेस्टर से पूर्व ही बी0ओ0एस0 की बैठक करते हुए पूर्ण कोर्स पर बी0ओ0एस0 से हस्ताक्षरित एवं कार्यवृत्त की प्रति को लगाते हुये विद्या परिषद के अध्यक्ष एवं मा0 कुलपति महोदय को अनुमोदनार्थ अधिकृत किया गया।

मद सं0 6.03 **विश्वविद्यालय की परीक्षा परिषद (Board of Examination) की विभिन्न बैठकों के कार्यवृत्त पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद ने विश्वविद्यालय की परीक्षा परिषद की दिनांक 21.09.2019, 25.09.2019, 19.10.2019 एवं 05.11.2019 को सम्पन्न बैठकों के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0 6.04 **विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2014–15 एवं 2015–16 में प्रवेशित यांत्रिक अभियंत्रण पाठ्यक्रम में अध्ययनरत् 06 छात्रों की उपस्थिति न्यून होने के दृष्टिगत अन्तिम वर्ष के आठवें सेमेस्टर की परीक्षा से वंचित किये जाने एवं शैक्षिक सत्र जनवरी–2020 में आठवें सेमेस्टर में पंजीकरण कराते हुए विश्वविद्यालय के नियमानुसार अध्ययन कार्य पूर्ण करने के सम्बन्ध में प्रस्ताव परिषद के संज्ञानार्थ प्रस्तुत।**

परिषद ने उपरोक्त छात्रों के प्रकरण पर विश्वविद्यालय स्तर से की गयी कार्यवाही पर संतोष व्यक्त करते हुये संज्ञान में लिया।

मद सं0 6.05 **विश्वविद्यालय में प्रथम दीक्षान्त समारोह आयोजन में विभिन्न प्रकार की तैयारियों / व्यवस्था किये जाने के संज्ञानार्थ प्रस्तुत।**

परिषद ने विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षान्त समारोह हेतु विभिन्न प्रकार की तैयारियाँ / व्यवस्था किये जाने पर बिन्दुवार संज्ञान लिया।

1. **विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षान्त समारोह में पदमश्री प्रो0 एस0जी0 धाण्डे, पूर्व निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद ने प्रथम दीक्षान्त समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित पदमश्री प्रो0 एस0जी0 धाण्डे, पूर्व निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर के प्रतिभाग किये जाने को संज्ञान में लिया।

2. **विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में शोभा यात्रा में सम्मिलित होने वाले सदस्यों के सम्बन्ध में।**

परिषद ने विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षान्त समारोह के शोभा यात्रा में राज्यपाल सचिवालय से प्राप्त निर्देश के क्रम में कार्य परिषद, विद्या परिषद एवं अन्य सदस्यों की सूची को संज्ञान में लिया।

3. **विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में धारण किये जाने वाले परिधान के सम्बन्ध में।**

परिषद ने विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की सप्तम बैठक के बिन्दु सं0 7.10 पर परिधान के सम्बन्ध में लिये गये निर्णय के क्रम में कार्यवाही संचालित की जा रही है तथा उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र / छात्राओं से परिधान हेतु रु0 500/– का शुल्क प्राप्त करने एवं उक्त परिधान छात्रों से वापस नहीं लिये जाने सम्बन्धी कार्यवाही को संज्ञान में लिया।

4. **विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में वार्षिक प्रतिवेदन में प्रकाशित होने वाले सन्देश के सम्बन्ध में परिषद के संज्ञानार्थ प्रस्तुत।**

परिषद ने विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षान्त समारोह में वार्षिक प्रतिवेदन में प्रकाशित होने वाले सन्देश के सम्बन्ध में की जा रही कार्यवाही को संज्ञान में लिया।

5. **विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में पदक वितरण के सम्बन्ध में प्रस्ताव परिषद के संज्ञानार्थ प्रस्तुत।**

परिषद ने अन्य संस्थानों/विश्वविद्यालयों में प्रचलित व्यवस्था के अनुरूप कुलाधिपति पदक केवल बी0टेक0 की सभी विधाओं में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को दिये जाने का निर्णय लिया तथा उक्त निर्णयानुसार बी0टेक0, एम0सी0ए0 एवं एम0टेक0 के अध्यादेशों में भी आवश्यक संशोधन किये जाने का निर्देश दिया। उक्त निर्णय के क्रम में प्रथम दीक्षान्त समारोह में कोई कुलाधिपति पदक प्रदान नहीं किये जाने तथा पन्द्रह कुलपति पदकों को प्रथम दीक्षान्त समारोह में प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गयाः

| पदक | पाठ्यक्रम | पदको की संख्या |
|---|---|---|
| स्वर्ण | एम0टेक0<br>एम0सी0ए0 | स्कूल ऑफ इंजी0–02, स्कूल ऑफ केमिकल टेक0–02<br>01 |
| रजत | एम0टेक0<br>एम0सी0ए0 | स्कूल ऑफ इंजी0–02, स्कूल ऑफ केमिकल टेक0–02<br>01 |
| कास्य | एम0टेक0<br>एम0सी0ए0 | स्कूल ऑफ इंजी0–02, स्कूल ऑफ केमिकल टेक0–02<br>01 |

**मद सं0 6.06** **विश्वविद्यालय के एम0टेक0 (2017–18, 2018–19) एवं एम0सी0ए0 (2018–19) के उत्तीर्ण छात्र / छात्राओं को डिग्री प्रदान करने वाले छात्रों की सूची परिषद के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

1. विश्वविद्यालय के एम0टेक0 (2017–18) एवं एम0सी0ए0 (2018–19) में परीक्षा नियंत्रक के द्वारा प्रदत्त उत्तीर्ण छात्र / छात्राओं की सूची में से ए0के0टी0यू0, लखनऊ में नामांकित 02 एम0टेक0 एवं 01 एम0सी0ए0 के छात्रों को छोड़ते हुए शेष छात्रों को डिग्री प्रदान किये जाने पर परिषद ने अपनी संस्तुति के साथ उक्त को कार्य परिषद से अनुमोदनार्थ अनुशंशित किया।

2. परिषद ने विश्वविद्यालय के वर्ष 2018–19 में उत्तीर्ण एम0टेक0 छात्रों की परीक्षा नियंत्रक द्वारा ई–मेल से सूची के अहस्ताक्षरित होने पर परिषद ने असंतोष व्यक्त किया। परिषद ने दीक्षान्त समारोह की प्रत्याशा में एम0टेक0 2018–19 के छात्रों की हस्ताक्षरित सूची प्राप्त करते हुए उक्त पर संस्तुति प्रदान करने हेतु विद्या परिषद के अध्यक्ष एवं मा0 कुलपति महोदय को संस्तुति देने हेतु अधिकृत करते हुए कार्य परिषद से अनुमोदनार्थ अनुशंशित किया।

**मद सं0 6.07** **विश्वविद्यालय दीक्षान्त समारोह में छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन किये जाने पर पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले छात्र / छात्राओं की परीक्षा नियंत्रक के स्तर से प्रदत्त प्रमाणित सूची परिषद के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

परिषद द्वारा उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई देते हुये उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समस्त छात्रों को पदक के साथ प्रशस्ति पत्र दिये जाने पर अनुशंसा व्यक्त की। परिषद के द्वारा पदक उपाधिकर्ता की डिग्री आनर्स की अनिवार्यता का निर्णय लिया गया तथा उक्त संशोधनों के अनुरूप प्रथम दीक्षान्त समारोह में पदक वितरण हेतु संशोधित सूची को तैयार करने के निर्देश दिये। परिषद ने इस कार्य की सम्पूर्ण प्रक्रिया एवं मानक तैयार करने हेतु निम्न समिति का गठन किया।

1. प्रति कुलपति
2. अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इंजी0
3. अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ केमिकल टेक0
4. अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बेसिक एण्ड एप्लाइड सांइस

5. अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ ह्यूमिनाटीज एण्ड सोशल सांइसेस
6. अधिष्ठाता, सतत् शिक्षा और आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन
7. अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप
8. परीक्षा नियंत्रक

परिषद ने अध्यक्ष, विद्या परिषद को पदक प्राप्तकर्ता सूची पर अनुमोदन दिये जाने हेतु अधिकृत किया।

मद सं0 6.08 **बी0टेक0 विधा में उत्तीर्ण छात्रों को पूर्ववर्ती व्यवस्था के अनुसार पदक प्रदान किये जाने सम्बन्धी प्रकरण परिषद के विचारार्थ।**

परिषद ने उपरोक्त प्रकरण पर विस्तृत विचार किया तथा इस कार्य की सम्पूर्ण प्रक्रिया एवं मानक तैयार किये जाने हेतु निम्न समिति के गठन किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

1. प्रति कुलपति
2. अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इंजी0
3. अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ केमिकल टेक0
4. अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बेसिक एण्ड एप्लाइड सांइस
5. अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ ह्यूमिनाटीज एण्ड सोशल सांइसेस
6. अधिष्ठाता, सतत् शिक्षा और आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन
7. अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप
8. परीक्षा नियंत्रक

मद सं0 6.09 **विश्वविद्यालय के आगामी शैक्षिक सत्र 2020–2021 में प्रवेश हेतु प्रवेश समिति के गठन का प्रस्ताव।**

विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2020–21 में प्रवेश प्रकिया के सफल आयोजन करने हेतु शैक्षिक सत्र 2019–20 हेतु गठित प्रवेश समिति के सदस्य प्रो0 मनीष गौर के स्थान पर प्रो0 के0वी0 आर्य, ए0बी0वी0आई0आई0आई0टी0 एण्ड मैनेजमेन्ट, ग्वालियर को नामित करने तथा प्रवेश समिति के निर्वतमान संयोजक को विशेष आमंत्री के रूप में सम्मिलित कर आवश्यकतानुसार कार्य का निर्वाहन करने पर परिषद ने अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0 6.10 **विश्वविद्यालय में प्लास्टिक एवं पेन्ट टेक0 विभाग में एम0टेक0 पाठ्यक्रम को आगामी शैक्षिक सत्र 2020–2021 से प्रारम्भ करने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

परिषद ने प्लास्टिक एवं पेन्ट टेक0 विभाग में एम0टेक0 पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान करते हुये आगे निरन्तरता हेतु कार्यवाही किये जाने पर अनुशंसा व्यक्त की।

मद सं0 6.11 **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचार।**

मद सं0 6.11.01 **विश्वविद्यालय के बी0टेक0 लेदर टेक0 के छात्र श्री प्रखर द्विवेदी के प्रकरण सम्बन्धी प्रस्ताव पर विचार।**

परिषद ने छात्र श्री प्रखर द्विवेदी के प्रकरण पर विश्वविद्यालय स्तर पर की गयी कार्यवाही को संज्ञान में लिया।

मद सं0 6.11.02 **विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2019–20 में पी0एच0डी0 में नव प्रवेशित छात्रा सुश्री ईशा द्विवेदी के प्रवेश सम्बन्धी प्रकरण परिषद के संज्ञानार्थ प्रस्तुत।**

परिषद ने सुश्री ईशा द्विवेदी के प्रवेश सम्बन्धी प्रकरण पर विश्वविद्यालय स्तर पर की गयी कार्यवाही पर संतोष व्यक्त करते हुए संज्ञान में लिया।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

(सुनील कुमार)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया–कलाप
एवं सदस्य–सचिव, विद्या परिषद्

(नरेन्द्र बहादुर सिंह)
कुलपति एवं अध्यक्ष, विद्या परिषद्